दिन– शुक्रवार दिनांक– 10/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यसभा के नेता और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्यसभा के निवर्तमान उप सभापति हरिवंश को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। श्री हरिवंश का राज्यसभा का कार्यकाल कल ही समाप्त हुआ था। उन्हें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा सदस्य रंजन गोगोई के स्थान पर मनोनीत किया गया है। श्री हरिवंश तीसरी बार राज्यसभा सदस्य बने हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा की सदस्यता का शपथ के बाद प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर राजधानी पटना से दिल्ली तक सरगर्मी बढ़ गयी है। नई दिल्ली में आज भाजपा कोर कमिटी की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति पर मंथन होगा। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन करेंगे। यह बैठक भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े के आवास पर होगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इधर, पटना में एनडीए के अन्य घटक दलों के कार्यालयों में सरगर्मी बढ़ी हुई है और बैठकों का दौर चल रहा है।

प्रदेश में आज से पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से मसूर की खरीद शुरू हो गयी है। मसूर का समर्थन मूल्य सात हजार रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इस बार बत्तीस हजार मीट्रिक टन मसूर खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————

चंपारण सत्याग्रह की आज एक सौ नौवीं वर्षगांठ है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश के स्वतंत्रता संग्राम का यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था। वर्ष उन्नीस सौ सत्रह में इसी दिन चंपारण जिले में ब्रिटीश सरकार के खिलाफ नील किसानों की शिकायतों को दूर करने के लिए आंदोलन शुरू किया गया था। यह देश में महात्मा गांधी के सत्याग्रह का पहला प्रयोग भी था।

———————————————————————

जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण में अब तक पांच लाख बहत्तर हजार से अधिक परिवारों ने स्व–गणना सुविधा का लाभ उठाया है। भारत के महापंजीयक ने कहा कि यह जनगणना के लिए डिजिटल पहल में बढ़ती जनभागीदारी को दर्शाता है। जनगणना का पहला चरण पहली अप्रैल को शुरू हुआ था। स्व–गणना सुविधा पन्द्रह अप्रैल तक जारी रहेगी।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम होने के साथ ही राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापामन में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की सम्भावना है।

———————————————————————

आज विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉक्टर हैनिमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विश्व होम्योपैथी दिवस दो हजार छब्बीस का विषय है– **सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी।**

———————————————————————

सीवान जिले के आन्दर प्रखंड अंतर्गत एक गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण दस बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गयी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने घटना की जांच कर पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं, अंचल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के गौनाहा थाना क्षेत्र के मठ मंझरिया चौक के पास पुलिस महानिदेशक और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी कर आर्केस्ट्रा में काम कर रही आठ नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है।

———————————————————————

अरवल जिले के तेलपा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर मोनू कुमार की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पटना एम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

———————————————————————

अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य नामजद आरोपी अभी भी फरार है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।